मूल्य 1 रु.
वर्षः 9 - अंक : 199, मुंबई, शुक्रवार, 18 अक्टूबर, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

# महाराष्ट्र चुनाव

## मनमोहन सिंह बोले...

# आर्टिकल 370 को खत्म करने के पक्ष में है कांग्रेस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के चुनावी समर में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी कूद पड़े। डॉक्टर सिंह ने आर्टिकल 370 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सवालों पर करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आर्टिकल 370 को खत्म करने के बिल के समर्थन में वोट दिया था और हमारी पार्टी इसके खिलाफ नहीं है। डॉक्टर सिंह ने कहा कि हमारा मानना है कि आर्टिकल 370 एक अंशकालिक उपाय था लेकिन अगर बदलाव लाया गया है तो इसे जम्मू-कश्मीर के लोगों की सद्भावना के साथ होना चाहिए।


(शेष पृष्ठ 5 पर)

## 'सरकार आरोप लगाने की आदत से मजबूर'

मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान का जवाब देते हुए गुरुवार को कहा कि सरकार समस्याओं का समाधान तलाशने की बजाय विपक्षियों पर आरोप लगाने की आदत से मजबूर है। सीतारमण ने बुधवार को कहा था कि मनमोहन सिंह और आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के समय सरकारी बैंक सबसे बुरे दौर में थे।

## 'पिछले 5 साल में महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा फैक्ट्रियां बंद हुई'


मनमोहन सिंह महाराष्ट्र चुनाव के सिलसिले में मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए असली दिक्कतों और वजहों का पता लगाना जरूरी होता है। सरकार की उदासीनता से देश के लोगों की महत्वाकांक्षाएं और भविष्य प्रभावित हो रहा है। महाराष्ट्र में बिजनेस सेंटीमेंट बिगड़े हुए हैं। कई फैक्ट्रियों के बंद होने का खतरा मंडरा रहा है।



**महाराष्ट्र के चुनावी समर में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी कूद पड़े**




# पूर्व क्रिकेटर मनोज प्रभाकर और उनकी पत्नी पर ठगी का केस दर्ज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर थाने में पूर्व क्रिकेटर मनोज प्रभाकर, उनकी पत्नी फरहीन प्रभाकर, बेटे, सहयोगी संजीव गोयल और 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इन सभी लोगों के खिलाफ ठगी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के तहत मामला दर्ज कराया गया है। मनोज प्रभाकर और अन्य लोगों पर लंदन में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला का फ्लैट कब्जाने और धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

# पाकिस्तान की कायराना हरकत

## एफ-16 ने किया भारतीय विमान का पीछा

**विमान नीचे लेने को कहा**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान के फाइटर जेट एफ-16 ने नई दिल्ली से काबुल जा रहे स्पाइसजेट के विमान का अपनी हवाई सीमा में करीब एक घंटे तक पीछा किया।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

**डीजीसीए अधिकारियों ने पुष्टि की**




**घटना 23 सितंबर की है। पाकिस्तान के दो एफ-16 विमानों ने स्पाइसजेट के विमान को हवा में रोकने की कोशिश की। स्पाइसजेट विमान में 120 यात्री सवार थे।**

# जेल में ही रहेगा नीरव मोदी

## 11 नवंबर तक बढ़ी हिरासत

**संवाददाता/नई दिल्ली।** पीएनबी घोटाला मामले में भगोड़ा नीरव मोदी गुरुवार को ब्रिटेन की वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट में रिमांड की नियमित सुनवाई के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुआ। इस दौरान वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट की डिस्ट्रिक्ट जज नीना टेम्पिया ने आरोपी हीरा कारोबारी नीरव मोदी को तगड़ा झटका दिया और उसकी हिरासत 11 नवंबर तक बढ़ा दी।

(शेष पृष्ठ 5 पर)



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### मामूली यौन बीमारी को गंभीर बता ऐंठते थे पैसे, 5 फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई में क्राइम ब्रांच ने फर्जी डॉक्टरों के ऐसे रैकेट का भंडाफोड़ किया है, जो यौन बीमारियों का इलाज करते थे। डीसीपी शहाजी उमाप ने बताया कि हमने इस केस में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी फर्जी डॉक्टर दसवीं या बारहवीं पास हैं। किसी के पास भी डॉक्टरी की डिग्री नहीं है। लेकिन सभी किसी न किसी डॉक्टर के पास अतीत में कंपाउंडर रहे थे, इसलिए उन्हें कुछ बीमारियों के इलाज का बेसिक ज्ञान जरूर है।

**झोपड़पट्टी इलाकों में लगा रखे थे पोस्टर्स**

इन सभी फर्जी डॉक्टरों ने नागपाडा, भायखला, डी.बी मार्ग, एन. एम जोशी मार्ग में अपने-अपने क्लीनिक खोल रखे थे। इन क्लीनिक में उन्होंने अलग डॉक्टरों के बीयूएमएस, बीएचएमएस डिग्री की कलर झेरॉक्स लगा रखी थी। सीनियर इंस्पेक्टर अशोक खोत, नितिन पाटील की जांच में यह बात भी सामने आई कि इन फर्जी डॉक्टरों ने मुंबई में अलग-अलग जगह--खासतौर पर झोपड़पट्टी इलाकों में-- पोस्टर भी चिपका रखे थे। इसमें उनके मोबाइल नंबर भी लिखे रखे थे।

**महीने में कमाते थे कम से कम 5-7 लाख**

पोस्टर में लिखा रहता था--यौन बीमारियों का शर्तिया इलाज। कुछ लोग जब उनसे संपर्क करते थे, तो ये फर्जी डॉक्टर मामूली बीमारी को भी इतनी गंभीर बता देते थे, कि सामने वाला बेहद डर जाता था। इसके बाद ये फर्जी डॉक्टर इलाज के लिए दवाइयां अपने पास से देते थे और फीस में मरीज से तीन से पांच हजार रुपये तक ले लेते थे। कुछ लोग सामान्य स्थितियों में अपने आप ठीक हो जाते थे। जो लोग नहीं ठीक हो पाते थे, वे शर्म की वजह से पुलिस में नहीं जा पाते थे। क्राइम ब्रांच का कहना है कि हर फर्जी डॉक्टर महीने में पांच से सात लाख रुपये न्यूनतम कमाई कर रहा है।

### नीदरलैंड के शाही जोड़े ने गेटवे ऑफ इंडिया का दीदार किया

**मुंबई।** नीदरलैंड के राजा विलियम एलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा बुधवार शाम गेटवे ऑफ इंडिया पहुंचे, जिसे शाही जोड़े के स्वागत के लिये विशेष रूप से सजाया गया था। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के निमंत्रण पर शाही जोड़ा सोमवार को नयी दिल्ली पहुंचा था। पांच दिवसीय यात्रा पर आया शाही जोड़ा यात्रा के दूसरे चरण के तहत मुंबई में हैं। वे पहली बार भारत की यात्रा पर आए हैं। मुंबई में नीदरलैंड के वाणिज्य दूतावास ने एक बयान में कहा, भारत और नीदरलैंड के बीच अतीत, वर्तमान और भविष्य में लंबे समय से चली आ रही मित्रता को यादगार बनाने और इसका जश्न मनाने के लिये स्मारक को डच राष्ट्रीय रंग 'नारंगी' से जगमगाया गया और नीदरलैंड के राष्ट्रीय पुष्प 'ट्यूलिप' से सुसज्जित किया गया।

### पीएमसी बैंक का पूर्व निदेशक अरोड़ा गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने पंजाब एवं महाराष्ट्र सहकारी (पीएमसी) बैंक घोटाले के मामले में बुधवार को सुरजीत सिंह अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया, जो बैंक के निदेशकों में से एक है। मामले में यह पांचवीं गिरफ्तारी है। अरोड़ा को आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की विशेष जांच टीम ने आज पूछताछ के लिए तलब किया था।

ईओडब्ल्यू के एक अधिकारी ने बताया कि अरोड़ा पीएमसी बैंक का एक निदेशक था और वह इसकी कर्ज समिति में भी शामिल था। अधिकारी ने कहा, 'घोटाले में उसकी (अरोड़ा) भूमिका प्रकाश में आई है। वह कर्ज मंजूर करने वाली प्रक्रिया में शामिल था।'

# इकबाल मिर्ची की ब्रिटेन स्थित 25 संपत्तियों को जब्त करने की तैयारी में है ईडी

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) गैंगस्टर इकबाल मिर्ची द्वारा भारत में अपराधों के जरिए कमाई गई ब्रिटेन की 25 संपत्तियों को अटैच करने की तैयारी कर रहा है। इनकी कुल कीमत सैकड़ों करोड़ रुपये है। एजेंसी को इस बात का भी शक है कि कथित तौर पर कुछ संपत्तियां जो मिर्ची के परिवारवालों के नाम हैं, उन्हें अलग-अलग देशों (ब्रिटेन, अमेरिका, यूएई) में पंजीकृत सात कंपनियों द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है। मिर्ची की पत्नी हजरा मेमन कथित तौर पर लंदन स्थित 16 संपत्तियों की मालकिन हैं। एक सूत्र ने कहा, 'वह इन्हें दो कंपनियों (कंट्री प्रॉपर्टीज लिमिटेड और जर्सी ऐंड असकॉम्बे लिमिटेड) के द्वारा नियंत्रित करती हैं। ये कंपनियां ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स में स्थित हैं।'

ईडी कंपनियों की फाइनैंशल और मालिकाना हक की जानकारी खंगालने में जुटी है। दरअसल, ईडी ये जानकारियां इसलिए हासिल करना चाहती है ताकि पता लगाया जा सके कि क्या मिर्ची के अपराधों में भी कर्ज का इस्तेमाल किया गया था। यही नहीं, यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इसके लाभार्थी कौन थे? ईडी को इस बात का भी यकीन है कि लंदन स्थित छह अन्य संपत्तियों को यूके बेस्ड फर्म- रिक्ज (यूके), टॉपलाइन इस्टेट्स



लिमिटेड, क्वे मैनेजमेंट (वॉटरसाइड) लिमिटेड और इम्पीरियल होटेल (डार्टफोर्ड) लिमिटेड के द्वारा नियंत्रित की जा रही थीं। एजेंसी उनके मालिकों के बारे में जानकारी, फाइनैंशल रेकॉर्ड्स इकट्ठा कर रही है।

ईडी ने मुंबई, ब्रिटेन और यूएई में तकरीबन 36 संपत्तियों की पहचान की है, जिनका अधिग्रहण मिर्ची के द्वारा किया गया था। सूत्रों ने कहा कि एजेंसी उनमें से कई पर अहम कदम उठाने को तैयार है। ऐसी संपत्तियों में वर्ली स्थित सीजे हाउस के दो फ्लोर हैं, जिन्हें कथित तौर पर एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल की कंपनी मिलेनियम डिवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा वर्ष 2007 में हजरा मेमन को हस्तांतरित किया गया था। पटेल ने इसमें किसी भी गलत काम से इनकार किया है। दुबई में एक होटेल मिडवेस्ट होटेल अपार्टमेंट्स, जिसे मिर्ची ने कथित तौर पर वर्ष 2010 में खरीदा था, उसके भी अटैच किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि अपराध के जरिए मिर्ची ने वर्ली में तीन रिहायशी संपत्तियां हासिल की थीं, इन्हें बेचने के बाद जो पैसा मिला था, शक है कि उसी से यह होटेल खरीदा गया। वर्ली की ये तीन इमारतें वर्ष 2010 में एक कंपनी को 225 करोड़ रुपये में बेची गई थीं। मिर्ची को इस बिक्री में एक बड़ा हिस्सा मिला था। ईडी ने पिछले हफ्ते दो करीबियों हारून यूसुफ (ब्रिटिश नैशनल और मरीन लाइंस बेस्ड ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन), रंजीत बिंद्रा (बांद्रा के एक रियल इस्टेट ब्रोकर) को गिरफ्तार किया था। कथित रूप से संपत्तियों की बिक्री में इन दोनों की भूमिका थी।

## राणे जिस पार्टी में गए वह खत्म हो गईः ठाकरे

**मुंबई।** कोकण की कणकवली सीट पर शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा कि राणे जिस पार्टी में गए, वह पार्टी ही खत्म हो गई। कांग्रेस का कचरा करने के बाद अब वे भाजपा में शामिल हुए है। ठाकरे ने राणे का मजाक उड़ाते हुए भाजपा में प्रवेश पर राणे का बधाई भी दी। कणकवली सीट पर भाजपा और शिवसेना दोनों ने उम्मीदवार उतारा है। भाजपा ने वहां से नारायण राणे के बेटे नितेश राणे को उम्मीदवारी दी है जबकि शिवसेना ने राणे का साथ छोड़ने वाले सतीश सावंत को उम्मीदवारी दी है। मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नितेश का चुनाव प्रचार किया और बुधवार को ठाकरे ने सावंत का प्रचार किया। इस मौके पर ठाकरे ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा सांसद नारायण राणे पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि मित्र के घर में चोर घुसे तो शांत चुप बैठना संभव नहीं है। मैं यहां किसी पर टिप्पणी करने नहीं आया हूं, बल्कि भाजपा को सावधान करने आया हूं। ठाकरे ने कहा कि पूरे कोंकण में हमें भगवा फहराना है। यहां किसी ने दादागिरी करने की कोशिश किया तो उसे तोड़ने की हम हिम्मत रखते हैं।

## 11 साल में कुएं से चुराया 73 करोड़ का पानी, एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** एक अनोखे मामले में मुंबई पुलिस ने शख्स के खिलाफ कुएं से ग्राउंड वॉटर की चोरी करने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। कालबादेवी स्थित बोमानजी मास्टर लेन में बने पांड्या मेंशन के मालिक के खिलाफ आरोप है कि उन्होंने पिछले 11 वर्षों में पानी के टैंकर वालों के साथ मिलकर करीब 73 करोड़ रुपये का पानी चुराया है।

हाल ही में पीएम मोदी ने भूगर्भ जल के संरक्षण और संवर्धन की अपील की थी, इस लिहाज से यह केस और अहम हो गया है। हालांकि इससे




पहले म्युनिसिपल पानी के कनेक्शन से पानी चोरी के मामले तो सुने थे लेकिन शायद ग्राउंड वॉटर चोरी करने का यह पहला मामला है।

पुलिस ने आरटीआई एक्टिविस्ट सुरेशकुमार धोका के मुहैया कराए गए सबूतों के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। सुरेशकुमार मुख्य शिकायतकर्ता हैं। हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार, एफआईआर में पांड्या मेंशन के मालिक त्रिपुराप्रसाद नानलाल पांड्या और उनकी कंपनी के दो डायरेक्टरों प्रकाश पांड्या और मनोज पांड्या पर आरोप है कि उन्होंने अपनी प्रॉपर्टी पर अवैध रूप से दो कुएं खुदवाए हैं।

पुलिस के अनुसार, पांड्या ने बाद में यहां पानी के दो पंप लगवाकर अवैध बिजली कनेक्शन से पानी निकाला और टैंकर के मालिक व ऑपरेटर अरुण मिश्रा, श्रवण मिश्रा और धीरज मिश्रा की मदद से उसे बेचा।

## देश और राज्य का विकास भाजपा ही करेगीः रूपाणी

**मुंबई।** गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने दावा कि देश और प्रदेश का विकास भाजपा ही कर सकती है इसलिए इस चुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों को जिताएं। मालाड पश्चिम में भाजपा उम्मीदवार रमेश सिंह ठाकुर का चुनाव प्रचार करते हुए कहा कि इस चुनाव क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भाजपा के हाथों में सौंपे और पांच साल बाद फिर बोलना। महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव प्रचार शनिवार की शाम 5 बजे खत्म हो जाएगा।

मालाड पश्चिम विधानसा चुनाव क्षेत्र में रुपाणी ने पदायात्रा की और बाद में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अक्सर मुंबई आते रहते हैं और इस मालाड क्षेत्र में भी कई बार आए हैं।

इस क्षेत्र के लोग विकास चाहते हैं तो निश्चित ही भाई रमेश सिंह को वोट दें। उन्होंने कहा कि पूरा देश मोदी मय है।

महाराष्ट्र में फडणवीस सरकार ने काम किया है और अगले पांच साल उनको मिलना ही चाहिए। महाराष्ट्र के चुनाव प्रचार में गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने मुंबई में भाजपा के कई सारे उम्मीदवार का प्रचार किया।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# बागी और बेगाने मिलकर घटा न दें बीजेपी-शिवसेना की जीत का आंकड़ा

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों में से 220-230 सीट जीतने का सपना देखने वाली बीजेपी-शिवसेना के लिए तस्वीर अब उतनी सुहानी नहीं लग रही। सीट बंटवारे और टिकट बंटवारे के बाद पार्टी नेतृत्व के फैसलों से नाराज होकर अपनों से बेगाने (बागी) बने नेताओं और कार्यकर्ताओं के चलते आंकड़ा घट सकता है। अब जब चुनाव में सिर्फ चार दिन शेष बचे हैं, महायुति के अंदरखाने में भी इसकी सुगबुगाहट सुनाई देने लगी है। महायुति के नेताओं को अब एक ही भरोसा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभाओं से कुछ करिश्मा होगा।

सत्ता के अंदरूनी सर्कल में घूमने वालों का कहना है कि कंट्रोल रूम का ताजा अंदाजा है कि बीजेपी को अकेले 130 सीट और शिवसेना को 70 सीट पर जीत मिल सकती है। इस तरह यह



आंकड़ा 200 तक ही पहुंचता है। यानी पहले जो 220 से 230 का दावा किया जा रहा था, उसमें चुनाव के नतीजे आने से पहले ही 20 से 30 सीट घटने का अंदाजा है। बहरहाल 20-30 सीट घटने से महायुति के सरकार बनाने के दावे को कोई चुनौती नहीं है, क्योंकि बहुमत के लिए 145 सीट ही चाहिए।

इससे भी बड़ा सवाल यह है कि विपक्ष को कितनी सीटें मिलेंगी? कांग्रेस ज्यादा सीटें जीतेगी या राकांपा? विभिन्न पार्टियों के वॉर रूम से मिली जानकारियों के विश्लेषण से फिलहाल यह तस्वीर बनती दिख रही है कि इस बार भी राज्य में कांग्रेस ही मुख्य विपक्षी पार्टी होगी और कांग्रेस 35 से ज्यादा सीटें जीत सकती है, जबकि राकांपा को 20 सीटें मिल सकती हैं। पिछली विधानसभा में कांग्रेस के पास 42 विधायक थे और राकांपा के पास 41 विधायक थे। अगर अकेले मुंबई की बात करें, तो वर्सोवा, बांद्रा पूर्व, सायन-कोलीवाडा, अंधेरी पूर्व, कोलाबा, मुंबादेवी, मुलुंड, मीरा भाईंदर और कल्याण पूर्व तथा पश्चिम की सीटों पर महायुति की जीत का गणित फिलहाल अनिश्चित ही दिख रहा है। इसका फायदा कांग्रेस को मिल सकता है।


## मुंबईः कमाई बढ़ाने के लिए रेलवे का प्लान, फिल्म प्रमोशन के लिए बुक करें पूरी ट्रेन

**मुंबई।** ट्रेनों को प्राइवेट करके रुपये कमाने की उम्मीद से रेलवे में नया जोश भरा गया है। अब रेलवे ने प्रमोशन ऑन वील्स नाम से नई शुरूआत की है। इस योजना के तहत फिल्म प्रमोशन के लिए पूरी ट्रेन बुक की जा सकेगी। इस तरह की पहली ट्रेन बुधवार को मुंबई से दिल्ली के लिए रवाना हुई।

इस तरह की बुकिंग इंडियन रेलवे कैटरिंग ऐंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन से की सकेगी। कुल मिलाकर भारतीय रेल बदल रही है, लेकिन सामान्य यात्रियों की हालत वही है। बुधवार को मुंबई सेंट्रल से दिल्ली के लिए 8 डिब्बों की पहली प्रमोशनल ट्रेन चली। इस ट्रेन में फिल्म की स्टारकास्ट और मीडिया के लोग थे। मुंबई सेंट्रल और बोरीवली स्टेशन पर फिल्मी ट्रेन की बात सुनकर लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। इसे नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ जवानों की अतिरिक्त तैनाती करनी पड़ी। इस ट्रेन में अक्षय कुमार अपने परिवार के साथ आए। इसके अलावा रितेश देशमुख, बॉबी देओल, कृति सेनन, पूजा हेगड़े, कृति खरबंदा और चंकी पांडेय सहित फिल्म की क्रू मौजूद थी। इसके अलावा मीडियाकर्मी मौजूद थे। आमतौर पर ट्रेन के बाहर विनायल पेस्टिंग के जरिए अब तक फिल्मों के पोस्टर लगते थे लेकिन इससे कोई खास कमाई नहीं होती है। रेलवे बिना किराया बढ़ाए कमाई बढ़ाने के उपाय खोज रही है। ऐसे में ह्यप्रमोशन ऑन वील्स जैसी स्कीम संजीवनी साबित होगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी रवींद्र भाकर ने बताया कि पहली प्रमोशनल ट्रेन को लगभग 53 लाख रुपये में बुक किया गया है।

# किसे जिताएंगे ठाणेकर, जाधव या केलकर

ठाणे। ठाणे विधानसभा सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा से वर्तमान विधायक संजय केलकर और मनसे के ठाणे-पालघर जिलाध्यक्ष अविनाश जाधव रे बीच है। यहां राकांपा ने अपने नगरसेवक सुहास देसाई को टिकट दिया था, लेकिन अंतिम समय वह मैदान से बाहर हो गए। अब राकांपा ने मनसे को समर्थन दे रही है। इस सीट पर शिवसेना चुनाव लड़ना चाहती थी, लेकिन सफलता नहीं मिली। शिवसेना की तरफ से यहां से वरिष्ठ नगरसेवक नरेश महस्के चुनाव लड़ने के प्रबल दावेदारों में थे। वहीं, भाजपा की तरफ से शहर अध्यक्ष संदीप लेले, वरिष्ठ नगरसेवक मिलिंद पाटणकर और डॉक्टर राजेश मढ़वी ने टिकट के लिए



एड़ी-चोटी का जोर लगाया था। चर्चा है कि यहां से शिवसेना को सीट न मिलने से भीतर ही भीतर शिवसैनिक नाराज हैं। इसके अलावा, उम्मीदवार को लेकर भाजपा में भी नाराजगी है। हालांकि संजय केलकर ने शिवसेना-भाजपा के भीतर किसी भी तरह की नाराजगी से इनकार किया है। दूसरी ओर, मनसे भाजपा के गढ़ में सेंध लगाने की पुरजोर कोशिश कर रही है, जो थोड़ा मुश्किल है। चर्चा है की केलकर से नाराज लोग अविनाश के संपर्क में हैं। मनसे का दावा है कि भाजपाई और शिवसैनिकों की नाराजगी का फायदा उनके उम्मीदवार को मिलेगा। केलकर इसके पहले ठाणे जिले से विधान परिषद के सदस्य भी रह चुके हैं।

केलकर ग्रेजुएट और टैक्स कंसल्टेंट हैं। उनके खिलाफ पुलिस में एक भी मामला दर्ज नहीं है। माना जा रहा है कि उनकी इसी साफ छवि का फायदा उन्हें मिल सकता है। वहीं, मनसे के जाधव दसवीं तक पढ़े हैं। उनके खिलाफ पुलिस में मामले दर्ज हैं। मारपीट को लेकर जाधव चर्चा में बने रहते हैं।

# राशन की दुकान पर दवा बेचने की तैयारी, लोग कर रहे विरोध

मुंबई। सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) बिना डॉक्टरी पर्ची के कुछ दवाइयां, जिन्हें ओवर द काउंटर (ओटीसी) भी कहते हैं, को राशन की दुकान पर उपलब्ध कराने की तैयारी कर रहा है। मेडिकल स्टोर से जुड़े लोग इसका विरोध कर रहे हैं। वहीं, सीडीएससीओ ओटीसी दवाओं की उपलब्धता हर जगह करने के लिए ऐसा करने पर विचार कर रहा है।

मेडिकल स्टारों से जुड़े लोगों का कहना है कि राशन की दुकानों पर दवाएं बेचने से न केवल मरीजों की जान को खतरा रहेगा, बल्कि इससे बेरोजगारी भी बढ़ेगी। ऑल इंडिया फूड ऐंड ड्रग लाइसेंस होल्डर फाउंडेशन के अध्यक्ष अभय पांडेय ने कहा कि सीडीएससीओ सर्दी-जुकाम जैसी दूसरी 'ओवर द काउंटर' दवाओं की उपलब्धता आसान करने के लिए इसकी बिक्री राशन की दुकानों पर करने पर विचार कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हमने सीडीएससीओ को पत्र लिखकर इस तरह का कोई भी फैसला न लेने की अपील की है।

पांडेय ने आगे बताया कि केवल महाराष्ट्र में 2



लाख से अधिक फार्मासिस्ट हैं। इनमें से तकरीबन 60 हजार ही फूड ऐंड ड्रग ऐडमिनिस्ट्रेशन विभाग से पंजीकृत हैं। तमाम फार्मासिस्ट बेरोजगार हैं। सरकार का यह फैसला बेरोजगारी और बढ़ाएगा।

इस बारे में जब एनबीटी ने सीडीएससीओ से संपर्क करने की कोशिश की तो उनसे कोई बात नहीं हो पाई। हालांकि, महाराष्ट्र एफडीए से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संभवतः ग्रामीण इलाकों में ऐसा किया जा सकता है। हालांकि एफडीए को इस बारे में सीडीएससीओ से कोई जानकारी नहीं मिली है।

# उगाही के मामले में दाऊद का साथी गिरफ्तार



मुंबई। भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के साथी को ठाणे में एक बिल्डर को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसे मुंबई पुलिस ने जबरन उगाही के मामले में पहले भी गिरफ्तार किया था। अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि ठाणे पुलिस के जबरन उगाही रोधी प्रकोष्ठ (एईसी) ने बिल्डर सुरजीत रयॉन की शिकायत पर शनिवार को रियाज भाटी को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि रयॉन ने भाटी, 1993 में हुए सिलसिलेवार विस्फोट के सरकारी गवाह उस्मान खान, अफगान बाबू खान, असलम शेख और कमाल जदवानी के खिलाफ शिकायत की थी।

अधिकारी के मुताबिक, रयॉन ने पुलिस को बताया कि उसे 2012 में महाडा से अंधेरी स्टेडियम वियु सोसायटी के पुनः विकास का अनुबंध मिला था, जिसके बाद उसने जदवानी को साझेदार बनाया। अधिकारी ने शिकायत के हवाले से बताया, 'जदवानी ने भाटी और अफगान खान को परियोजना में साझेदार बनाया। इसके बाद उन्होंने रयॉन पर परियोजना को छोड़ने का दबाव बनाना शुरू कर दिया और उन्होंने रयॉन को एक फ्लैट तथा एक करोड़ रुपये नकद देने का वादा किया। रयॉन ने दावा किया कि भाटी और अफगान खान ने 4500 वर्ग फुट परियोजना को 50 करोड़ रुपये में हड़प लिया।' अधिकारी ने बताया कि रयॉन ने आरोप लगाया कि जब वह परियोजना छोड़ने के लिए राजी नहीं हुआ तो दोनों ने उसकी बात भगोड़े गैंगस्टर छोटा शकील से कराई। ठाणे एईसी के वरिष्ठ निरीक्षक राजकुमार कोथमिरे ने कहा, 'रयॉन ने भाटी, उस्मान खान, अफगान खान, असलम शेख और कमाल जदवानी के खिलाफ पहले एक लिखित शिकायत दी थी लेकिन प्राथमिकी 2018 में दर्ज की गई थी। भाटी सत्र और उच्च न्यायालय से राहत पाने में नाकाम रहा और हमने उसे गिरफ्तार कर लिया।'

# मोदी ने कहा- विपक्ष के कारनामे देश का अहित चाहने वालों के लिए ऑक्सीजन जैसे

**मुंबई।** विधानसभा चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बीड जिले के परली में पंकजा मुंडे के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के कारनामे देश का अहित चाहने वालों के लिए ऑक्सीजन जैसे हैं। जनसभा से पहले मोदी ने यहां के प्रसिद्ध वैद्यनाथ मंदिर में दर्शन किए। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर 21 अक्टूबर को मतदान है। मोदी ने भाषण की शुरूआत मराठी में बोलकर की। उन्होंने कहा- आज एक साथ मुझे दो-दो भगवानों का दर्शन करने का सौभाग्य मिला। पहले बाबा बैजनाथ के चरणों में गया। जनता जनार्दन यानी ईश्वर का रूप होती है। उसके बाद आपके दर्शन का सौभाग्य मिला। भाजपा कार्यकर्ता दिन-रात परिश्रम करता है। कांग्रेस को अपनी चिंता करनी चाहिए। कार्यकर्ता और जमीनी नेता आपको



छोड़कर भाग रहे हैं। कांग्रेस के अधिकतर नेता एक-दूसरे से निपटने में लगे हुए हैं। आपकी युति में जो युवा थे, वह जा रहे हैं और बुजुर्ग सिर में हाथ रखकर रोते रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, एक तरफ बंटे हुए कुनबों का जमवाड़ा है तो दूसरी तरफ आपकी सेवा में युवा और कर्मशील भाजपा की टीम है। क्या थके और हारे हुए लोग आपका भला कर सकते हैं? अगर नहीं तो फिर ऐसे लोगों की जरूरत क्या है। फिर अपना वोट बर्बाद करने की जरूरत क्या है? एक तरफ हमारी कार्य शक्ति और दूसरी तरफ उनकी स्वार्थ शक्ति है। लोग कार्य को पसंद करते हैं और स्वार्थ को नफरत करते हैं। इनके कारनामे ऐसे हैं, जिनसे भारत का अहित चाहने वालों को ऑक्सीजन मिलती है। जब अनुच्छेद 370 हटाने का फैसला किया, तब इनका फिर से स्वार्थ जग गया।

**आज मुंबई में मोदी करेंगे चुनाव प्रचार का समापन:** **मोदी शुक्रवार को मुंबई में सभा करके चुनाव प्रचार का समापन करेंगे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा और शिवसेना ने गठबंधन किया है। इसके तहत 150 सीटों पर भाजपा और 125 सीटों पर शिवसेना चुनाव मैदान में है। जबकि 38 सीटों पर अन्य सहयोगी दल भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़ रहे हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे 24 अक्टूबर को आएंगे।**

## 'हम देश के लिए काम करते हैं'

मोदी ने कहा, जब भी इतिहास में अनुच्छेद 370 की चर्चा होगी, तब इसे हटाने का विरोध और मजाक बनाने वालों का नाम भी चर्चा में आएगा। इनके बयान भी सुनिए। एक नेता ने कहा कि 370 हटाने का मतलब किसी की हत्या करने के बराबर है। एक ने कहा कि 370 हटाने का मतलब इतिहास का सबसे काला दिन। इस फैसले से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा होगा। हम राजनीति के लिए कोई काम नहीं करते बल्कि देश नीति के लिए काम करते हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या लोकतंत्र खत्म हो गया, क्या आपका विश्वास कम हुआ? इन लोगों ने भारत के खिलाफ काम करने वालों को जमकर मौका दिया। उन्होंने बयान दिया कि अगर जम्मू कश्मीर में हिंदू होते तो मोदी सरकार ऐसा फैसला नहीं लेती। इन्होंने देश को बांटने का काम किया। उन्होंने कहा कि हमने आर्टिकल 370 हटा कर कश्मीर को खो दिया क्या आपने खो दिया। मुझे कोई बताए क्या हमारे पास से कश्मीर चला गया। देश आजाद होने के बाद जिन्होंने सर्वाधिक समय तक देश पर राज किया, वह ऐसी भाषा बोलते हैं। देश के खिलाफ उन्होंने इतने बयान दिए कि गिनाते-गिनाते मुझे 21 अक्टूबर तक यही रहना पड़ेगा। देश इन्हें इनके किए की सजा देगा, लेकिन आज महाराष्ट्र के पास सबसे पहले यह अवसर आया है। लोग मौके के इंतजार में है और आपके पास मौका दरवाजे पर दस्तक दे रहा है।

# वोटिंग से पहले बिगड़ेगा मौसम का मिजाज !

**मुंबई।** मॉनसून की विदाई हो चुकी है, लेकिन मुंबई सहित महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर के बीच बारिश हो सकती है। महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर को चुनाव होने हैं, राजनीतिक पार्टियां जोरों से प्रचार में लगी हैं। वहीं, मौसम विभाग ने बारिश की संभावना जताकर प्रशासन और उम्मीदवारों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्रीय मौसम विभाग की वेबसाइट पर 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक बारिश और गर्जना के साथ तेज आंधी की संभावना जताई गई है। वहीं, स्काइमेट के अनुसार, 21 अक्टूबर को भी बारिश का असर दिख सकता है। फिलहाल मुंबई में चुनावी सरगर्मी



तेज है। मतदाताओं को अपने पाले में खींचने के लिए राजनीतिक पार्टियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। ऐसे में बारिश की संभावना से मतदान का आंकड़ा प्रभावित हो सकता है। मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार, बारिश और आंधी का असर उत्तर कोकण और दक्षिण कोकण में रहेगा। वहीं, दक्षिण मध्य महाराष्ट्र और उत्तर मध्य महाराष्ट्र में भी इसका प्रभाव रहेगा। मौसम का पूर्वानुमान करने वाली निजी संस्था स्काइमेट के प्रमुख महेश पलावत ने कहा कि अरब सागर में एक सायक्लोनिक सर्कुलेशन बन रहा है, जिसके कारण 18 अक्टूबर से लेकर 21 अक्टूबर के बीच बारिश हो सकती है।

## (पृष्ठ 1 का शेष)

**महाराष्ट्र चुनावः मनमोहन सिंह बोले...**

डॉक्टर सिंह ने कहा कि हालांकि जिस तरह से इस बिल को लागू किया गया है, हम उसका विरोध कर रहे हैं। बता दें कि महाराष्ट्र के चुनाव प्रचार में पीएम मोदी आर्टिकल 370 का मुद्दा जोरशोर से उठा रहे हैं। बीड में एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिकल 370 को लेकर जहां एक ओर केंद्र सरकार की पीठ थपथपाई, वहीं फैसले का विरोध करने वाले नेताओं को आड़े हाथों लिया। पीएम ने कहा कि 370 हटाने के बाद एक कांग्रेस नेता ने कहा कि यह देश को बर्बाद करने वाला फैसला है। तीन महीने हो गए। क्या देश बर्बाद हो गया? मनमोहन सिंह ने हमें 5 ट्रिल्यन अर्थव्यवस्था बनने के लिए 10 से 12 प्रतिशत के ग्रोथ रेट की जरूरत है लेकिन बीजेपी के शासन में साल दर साल विकास दर नीचे गिर रही है। उन्होंने कहा, आईएमएफ ने कहा है कि इस साल भारत की विकास दर कुछ महीने पहले लगाए गए 7.3 प्रतिशत के अनुमान की अपेक्षा मात्र 6.1 ही रहेगी। हर साल गिर रही विकास दर के कारण मैं नहीं समझता हूं कि वर्ष 2024 तक हमारी अर्थव्यवस्था 5 ट्रिल्यन डॉलर के लक्ष्य को पा सकेगी। गुरुवार को बीजेपी पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी का वोटों को हासिल करने के लिए किया गया, डबल इंजन का वादा पूरी तरह से फेल साबित हुआ है। पूर्व पीएम ने कहा कि महाराष्ट्र इस समय गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। मनमोहन सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, सुशासन का बहु प्रचारित डबल इंजन मॉडल फेल हो गया है जिस पर बीजेपी ने वोट हासिल किया था। महाराष्ट्र गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। महाराष्ट्र में लगातार चौथे साल विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर गिरी है। पीएमसी बैंक घोटाले के बारे में डॉक्टर सिंह ने कहा कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उन्होंने कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस बैंक के साथ ऐसा हुआ। मैं महाराष्ट्र के सीएम, प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री से अपील करता हूं कि वे इस मामले को देखें और इससे प्रभावित 16 लाख लोगों की शिकायतों को दूर करें। मैं अपेक्षा करता हूं कि भारत सरकार, आरबीआई और महाराष्ट्र सरकार एक साथ आएंगे और इस मामले में विश्वसनीय, व्यवहारिक और प्रभावी समाधान मुहैया कराएंगे जिसमें 16 लाख जमाकर्ता न्याय की मांग कर रहे हैं।

**पाकिस्तान की कायराना हरकत**

ये घटना 23 सितंबर की है। पाकिस्तान के दो एफ-16 विमानों ने स्पाइसजेट के विमान को हवा में रोकने की कोशिश की। स्पाइसजेट विमान में 120 यात्री सवार थे। यह घटना पिछले महीने प्रकाश में आई जिसमें काबुल के लिए उड़े स्पाइस जेट विमान का पाकिस्तानी फाइटर प्लेन ने तकरीबन एक घंटे तक पीछा किया। भारत का यह कमर्शियल विमान तब हवा में था। उसके पीछे पड़े दो एफ-16 विमानों ने स्पाइस जेट के पायलट से विमान कुछ नीचे लाने और फ्लाइट की पूरी डिटेल देने को कहा। स्पाइस जेट का यह एसजी-21 विमान काबुल के लिए उड़ा था जिसमें 120 सवारी थे। यह घटना तब हुई जब पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपने एयरस्पेस को बंद नहीं किया था। खबर के मुताबिक, स्पाइस जेट के पायलट ने एफ-16 के पायलट से कहा, यह भारतीय व्यावसायिक विमान स्पाइस जेट है जो यात्रियों को लेकर काबुल जा रहा है। सूत्रों के हवाले से एएनआई ने कहा कि स्पाइस जेट के यात्रियों ने एफ-16 विमान और उसके पायलटों को आसपास देखा। स्पाइस जेट में सवार एक यात्री ने नाम न बताने की शर्त पर एएनआई से कहा कि एफ-16 के पायलटों ने इशारा करते हुए स्पाइस जेट के पायलटों को विमान नीचे लेने को कहा। सूत्रों के मुताबिक, हर विमान का अपना एक कोड होता है। ऐसे ही स्पाइस जेट का कोड एसजी था जिसे पाकिस्तानी पायलट भ्रम में आईए यानी इंडियन आर्मी या इंडियन एयरफोर्स समझ गए। पाकिस्तानी एटीसी (एअर ट्रैफिक कंट्रोल) ने मैसेज दिया कि भारत की तरफ से आईए कोड का एक विमान पाकिस्तान की तरफ आर रहा है। यह सिग्नल मिलने के बाद एफ-16 विमान तुरंत हरकत में आ गए और स्पाइस जेट का पीछा करना शुरू कर दिया।

**जेल में ही रहेगा नीरव मोदी, 11 नवंबर तक बढ़ी हिरासत**

ब्रिटेन की अदालत ने नीरव मोदी की चार जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया है। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में हुए करीब 14,000 करोड़ रुपये के घोटाले का मुख्य आरोपी नीरव मोदी 19 मार्च 2019 से ब्रिटेन की वैंड्सवर्थ जेल में है। वह पीएनबी धोखाधड़ी मामले में भारत में वांटेड है। गुरुवार से पहले ब्रिटेन की कोर्ट ने 19 सितंबर को नीरव मोदी की हिरासत 17 अक्टूबर तक के लिए बढ़ाई थी। इससे भी पहले 22 अगस्त को उसकी हिरासत 19 सितंबर के लिए बढ़ाई थी। 22 अगस्त को नीरव मोदी की हिरासत को बढ़ाते हुए वेस्टमिंस्टर कोर्ट के जज टैन इकरम ने कहा था कि नीरव मोदी के पास भागने के लिए वित्तीय साधन है। भारत की अपील पर ब्रिटेन के होम ऑफिस ने नीरव मोदी के खिलाफ वारंट जारी किया था।

CMYK CMYK








# भारत रत्न विवाद

## शाह ने कहा- वीर सावरकर नहीं होते तो 1857 का संग्राम इतिहास में दर्ज नहीं हो पाता

**गृहमंत्री** अमित शाह ने गुरुवार को वाराणसी में एक रैली में कहा कि अगर वीर सावरकर नहीं होते तो 1857 का स्वतंत्रता संग्राम इतिहास में दर्ज नहीं हो पाता। दरअसल, भाजपा ने महाराष्ट्र में अपने घोषणा पत्र में कहा था कि पार्टी सावरकर को भारत रत्न देने की मांग करेगी। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने सावरकर को गांधीजी की हत्या की साजिश रचने वाला बताया था। शाह ने वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय में इन्हीं बयानों का जवाब दिया। शाह ने कहा- अगर सावरकर नहीं होते तो हम 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को अंग्रेजों के नजरिए से देख रहे होते। वीर सावरकर ही वह व्यक्ति थे, जिन्होंने 1857 की क्रांति को पहले स्वतंत्रता संग्राम का नाम दिया था। शाह ने कहा- वक्त आ गया है, जब देश के इतिहासकारों को इतिहास नए नजरिए से लिखना चाहिए। उन लोगों के साथ बहस में नहीं पड़ना चाहिए, जिन्होंने पहले इतिहास लिखा है। उन्होंने जो कुछ भी लिखा है, उसे रहने दीजिए। हमें सत्य को खोजना चाहिए और उसे लिखना चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपना इतिहास लिखें। हम कितने वक्त तक अंग्रेजों पर आरोप लगाते रहेंगे?



### ज्योतिबाफुले को भी भारत रत्न देने की मांग करेगी भाजपा

भाजपा ने 15 अक्टूबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपना संकल्प पत्र जारी किया था। भाजपा ने वादा किया था कि दोबारा सत्ता में आने पर वह स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर, समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न देने की मांग करेगी।

### मनीष तिवारी ने कहा- गोडसे को भारत रत्न देने की मांग करे भाजपा

सावरकर को भारत रत्न दिन जाने के भाजपा के वादे पर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बुधवार को कहा कि सावरकर के जीवन के दो पहलू थे। पहला- आजादी के आंदोलन में शामिल होना और दूसरा- माफी मांगकर (कालापानी से) वापस आने पर उनका नाम महात्मा गांधी की हत्या के साजिशकर्ताओं में दर्ज हुआ। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने तंज कसा कि मोदी सरकार भारत रत्न सावरकर को नहीं, बल्कि गोडसे को दे। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा था कि भारत रत्न दिए जाने में अगला नंबर गोडसे का ही है। सावरकर के बारे में सब जानते हैं। सबूतों के अभाव में वे गांधीजी की हत्या के मामले में रिहा हो गए थे। आज यह सरकार उन्हें भारत रत्न देने की मांग कर रही है।

## व्यापार में ई-कामर्स कंपनियों का बढ़ता दायरा

**आजकल** देश में बड़ी-बड़ी ई-कामर्स कम्पनियाँ ग्राहकों को आसान किश्तों में सामान बेच रहे हैं और वो भी बगैर किसी ब्याज के। ग्राहकों को आसानी से ऋण स्वीकृत कर देते हैं। ग्राहक के लिए बहुत आसानी हो गई है। कम्प्यूटर, टीवी, फ्रिज, स्कूटर, कार, आदि आसान किश्तों में उपलब्ध हैं। अब तो क्रेडिट कार्ड पर भी ईएमआई की सुविधा मिल रही है। पाइंटस मिल रहे हैं। उपभोक्ता के लिए पूरी डील को बहुत ही आकर्षक बनाकर पेश किया जा रहा है। जिसके कारण छोटे छोटे शहरों एवं गावों से भी उपभोक्ता ऑनलाइन कम्पनियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। दवा विक्रेता तो २५ % से ३० % तक छूट दे रहे है वह भी होम डिलेवरी के साथ। जाहिर इससे बीमार उपभोक्ता के खर्च में कुछ सहारा मिल रहा है। ऑनलाइन कम्पनियों ने देश के उपभोक्ताओं की रुचि के बारे में डेटाबेस तैयार कर लिया है जिसके आधार पर उन्हें पता चल जाता है कि किस ग्राहक की क्या पसंद है, उसी हिसाब से ये लोग ग्राहकों को उत्पाद के विकल्प उपलब्ध कराते हैं। ग्राहक की, इन कम्पनियों के प्रति, निष्ठा उत्पन्न कर लेते हैं। उत्पाद चुनने में ग्राहक की बहुत मदद करते हैं। उत्पाद के बारे में सारी उलझनें समाप्त कर देते हैं। ऑनलाइन कम्पनियाँ खरीदे गए उत्पाद वापसी की भी सुविधा देती हैं। अमेरिका में तो खरीदे गए उत्पाद को 30 दिन तक भी वापिस किया जा सकता है और कम्पनियाँ बगैर कोई कारण बताए आसानी से उत्पाद वापिस ले लेती हैं। परंतु, देश में ऑनलाइन खरीद का चलन देश के छोटे छोटे दुकानदारों के लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है। देश में यदि छोटी दुकानों पर बिक्री खत्म होगी तो ये दुकानें बंद हो जाएँगी। शहरों एवं गावों में रोजगार का बहुत बड़ा साधन चला जाएगा। इस पर गम्भीरता से विचार किया जाना आवश्यक है। हालाँकि ऑनलाइन व्यापार के बढ़ने से मौसमी रोजगार के अवसर बढ़े हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि करीब 90,000 नए रोजगारों का सृजन हुआ है।



अशोक भाटिया

ऑनलाइन प्लेटफार्म पर ई-कामर्स कम्पनियाँ अपना माल तो बेच ही रही हैं, साथ ही, ग्रामीण इलाकों एवं छोटे शहरों में कई दुकानदारों का माल भी बेच रही हैं। कई उत्पादक कम्पनियाँ भी सीधे ही अपना माल ग्राहकों को ऑनलाइन प्लाट्फोर्म पर बेच पा रही हैं। अतः देखा जाय तो व्यापक स्तर पर मौका तो सभी को मिल रहा है। आज गुजरात का एक ग्राहक नोर्थईस्ट के उत्पादों को सीधे ही खरीद रहा है। देश की अर्थव्यवस्था आज समेकन की प्रक्रिया के दौर से गुजर रही है और फिर बदलाव तो प्रकृति का नियम है इसे रोका नहीं जा सकता है। अतः छोटे-छोटे दुकानदारों को भी देखना होगा कि इस विस्तारित नेटवर्क का फायदा किस प्रकार उठा सकते है।

## नदीम कुरैशी ने कहा, जनपद पीलीभीत उत्तर प्रदेश में जिला प्रशासन द्वारा सरकारी स्कूल के हेड मास्टर फुरकान अली के खिलाफ की गई गलत कार्रवाई

**उत्तर प्रदेश** के जनपद पीलीभीत में सरकारी स्कूल में बच्चों को पिछले कई वर्षों से अल्लामा इकबाल साहब की दुआ पढ़ाई जा रही थी 'लव पे आती है दुआ बनके तन्ना मेरी' जो कुछ ऐसे लोगों को खटक रही थी जो लोग देश मे हिन्दू मुस्लिम भाई चारा नहीं चाहते हैं जिनकी शिकायत पर पीलीभीत जिला प्रशासन ने सरकारी स्कूल के हेड मास्टर को निलंबित कर दिया जो कई वर्षो से बच्चों को वहाँ पड़ा रहे थे। लब पे आती है दुआ बनके तमन्ना मेरी दुआ में ऐसे कौन से शब्द हैं जो भारत की अखंडता को तोड़ रहे हैं? ऐसे कौन से शब्द हैं जो भारतीय संविधान के खिलाफ हैं। ऐसे कौन से शब्द हैं जो हिन्दू मुस्लिम एकता के लिए नासूर हैं। ऐसे कौन से शब्द हैं जो बच्चों के दिलों में नफरत का जहर घोल रहे हैं। ऐसे कौन से शब्द हैं जो देशविरोधी हैं।




नदीम कुरैशी
अध्यक्ष-मुस्लिम सेवा संघ उत्तर प्रदेश

पीलीभीत जिला प्रशासन, बीएसए को स्पष्ट करना चाहिए आपने दुआ में कौन से शब्दों के आधार पर सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल फुरकान अली को सस्पेंड कर दिया। निलंबित करने से पहले एक बार उर्दू शब्दों का हिंदी अनुवाद कियूं नही करवाया देश के भविष्य (बच्चों) के हित में की गई दुआ को भी नहीं समझ पा रहे हैं। लोग मैं नदीम कुरैशी अध्यक्ष मुस्लिम सेवा संघ उत्तर प्रदेश, पीलीभीत जिला प्रशासन की कड़े शब्दों मजम्मत करता हूँ मैं अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार से मांग करता हूं 267 बच्चों के भविष्य को बर्बाद करने वाले संकीर्ण मानसिकता के डीएम और बीएसए को तत्काल निलंबित करें और फुरकान अली को बहाल कर स्कूल को जल्द से जल्द खुलवाया जाए।

## देश में पहली बार: निजी स्कूल की शिक्षिकाओं को मातृत्व अवकाश कानून के तहत छुट्टी मिलेगी

**केरल** देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहां पर गैरअनुदानित निजी शिक्षा संस्थानों समेत निजी शिक्षा क्षेत्र में काम करने वाली शिक्षिकाओं एवं अन्य महिला कर्मचारियों को मातृत्व लाभ कानून के तहत छुट्टियां मिलेंगी। राज्य सरकार ने इसके लिए केंद्र सरकार से अनुमति मांगी थी, जिसे मंजूरी मिल गई है। नए कानून के अनुसार निजी शिक्षा क्षेत्र की हजारों महिला कर्मचारी भी अब से सरकारी महिला कर्मचारियों की तरह 26 सप्ताह का सवैतनिक मातृत्व अवकाश ले सकेंगी। साथ ही नियोक्ता को प्रति माह कर्मचारी को 1000 रुपए का चिकित्सा भत्ता भी देना होगा। राज्य के निजी शिक्षा क्षेत्र में काम करने वाली महिला कर्मचारी लंबे समय से मातृत्व लाभ उपलब्ध करवाने की मांग कर रही थीं।

## ओवैसी बोले- अगर सावरकर को दे रहे तो गोडसे को भी दें भारत रत्न



**ऑल** इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने नाथूराम गोडसे को भी भारत रत्न देने की बात कही है। ओवैसी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या के एक साजिशकर्ता को कैसे भारत रत्न देने के बारे में सोचा जा सकता है। अगर आप सावरकर को दे रहे हैं तो नाथूराम गोडसे को भी भारत रत्न दें। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि अगर आप भारत रत्न देना चाहते हैं तो अल्लामा फजल ए हक खैराबादी को दें, जिन्हें काला पानी की सजा हुई थी, लेकिन उन्होंने सावरकर की तरह दया पत्र नहीं लिखा, बल्कि फांसी पर चढ़ गए। उन लोगों को भारत रत्न दीजिए, जिन्होंने रेशम पत्र आंदोलन चलाया और माल्टा जेल में अपना जीवन बिताया। ओवैसी ने कहा कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के सामने नजीर पेश करना चाहते हैं तो ऐसे लोगों को भारत रत्न दें, जो अंग्रेजों से लड़े और कभी माफी नहीं मांगी।

**क्या है मामला?: बीजेपी ने अपने संकल्प पत्र में वीर सावरकर को भारत रत्न दिलाने का वादा किया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उनकी सरकार केंद्र सरकार से ये मांग करेगी कि वीर सावरकर को भारत रत्न दिया जाए। बता दें कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए 21 अक्टूबर को मतदान किया जाएगा। इसके बाद 24 अक्टूबर को मतगणना की जाएगी।**

## विधानसभा चुनाव: मंत्री बबनराव बोले- मैंने पैसे बांटे, इसलिए मुझे चुनाव की चिंता नहीं

### कांग्रेस ने आयोग से शिकायत की



**महाराष्ट्र** के मंत्री बबनराव लोणीकर का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वे कथित तौर पर कहा रहे हैं, आगामी विधानसभा चुनाव जीतने में मुझे कोई मुश्किल नहीं आयेगी, क्योंकि मैंने पैसे बांटे हैं। कांग्रेस ने उनकी उम्मीदवारी रद्द करने की मांग करते हुए निर्वाचन आयोग (ईसीआई) में अर्जी दी है। लोणीकर के पास जल आपूर्ति विभाग है, वह मध्य महाराष्ट्र के जालना जिले में परतूर से उम्मीदवार हैं। कांग्रेस ने लोणीकर पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रत्नाकर महाजन ने ईसीआई को पत्र लिखकर कहा कि लोणीकर को जालना में एक चुनावी रैली में कैमरे पर यह कहते सुना जा सकता है कि चुनाव जीतने में उन्हें कोई समस्या नहीं आने वाली है क्योंकि उन्होंने 'पैसे बांटे' हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे अपने पत्र के साथ उन्होंने मंत्री के भाषण का लिंक भी भेजा। यह साबित करता है कि मंत्री चुनाव जीतने के लिये भ्रष्ट तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ईसीआई को मंत्री के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज करना चाहिए और तत्काल उनकी उम्मीदवारी रद्द कर देनी चाहिए।

### भाजपा की सफाई

भाजपा ने कहा कि जिस ऑडियो-वीडियो क्लिप में लोणीकर नजर आ रहे हैं, सबसे पहले उसकी सत्यता की पुष्टि की जानी चाहिए।

### प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता माधव भंडारी ने कहा...


उम्मीदवार के खिलाफ सिर्फ आरोप लगाने के बजाय मामले में उचित प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग को शिकायत दायर कर सकती है जो सबसे पहले कथित क्लिप की पुष्टि करेगी। उम्मीदवार के खिलाफ आरोप लगाने के बजाय उचित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। हम लोग फैसले का स्वागत करेंगे। जाति विशेष का भी उल्लेख किया।



➤ 15 अक्टूबर जन्म दिन के अवसर पर महाराष्ट्र राज्य के राज्य मंत्री श्री अमरजीत मिश्रा द्वारा शाल पहना कर अशोक भाटिया को सुभेक्षा दी गई।

## इसरो: चंद्रयान-2 ने भेजी पहली तस्वीर

**इसरो** ने गुरुवार को ट्विटर पर बताया कि चंद्रयान-2 ने चांद की सतह की जगमग तस्वीर भेजी है। यह इमेजिंग इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोमीटर (आईआईआरएस) पेलोड के द्वारा खींची गई हैं। चांद की सतह से परावर्तित होने वाले प्रकाश को मापने के उद्देश्य से आईआईआरएस को डिजाइन किया गया है। चंद्रयान-2 चंद्रमा के ईर्द-गिर्द घूम रहा है। इसरो ने बताया कि हमें चांद की सतह की पहली चमकीली तस्वीर मिली है। चंद्रयान-2 मिशन 22 जुलाई को लॉन्च किया गया था। 14 अगस्त को लैंडर और रोवर ने पृथ्वी की कक्षा को छोड़ा था।






CMYK CMYK

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# बिहार चुनाव में नीतीश कुमार ही रहेंगे एनडीए के नेता: अमित शाह



पटना। बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने बिहार में सत्तारूढ़ बीजेपी-जेडीयू के बीच किसी भी प्रकार के मतभेद को खारिज करते हुए ऐलान किया है कि दोनों दल अगले साल होने वाला आगामी विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव जेडीयू चीफ और राज्य के सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। शाह का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब राज्य में बीजेपी और जेडीयू के बीच मतभेद की अटकलें लग रही थीं।

एक निजी टीवी चैनल से बातचीत में शाह ने कहा कि बिहार में बीजेपी और जेडीयू का गठबंधन अटल है और दोनों मिलकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा, 'जेडीयू और बीजेपी एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। यह चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। यह पूरी तरह से स्पष्ट है।' शाह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर दोनों दल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं और राज्य में वर्तमान नेतृत्व के अंतर्गत चुनाव लड़ा जाएगा।

दोनों दलों के बीच मतभेदों पर शाह ने कहा, 'गठबंधन में हमेशा से ही कुछ न कुछ मनमुटाव रहा है और इसे एक अच्छे गठबंधन का मानदंड माना जाना चाहिए। बस मतभेद को मनभेद में नहीं बदलना चाहिए।' बता दें कि ऐसी कई खबरें आई थीं कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में मात्र एक मंत्री बनाए जाने से नीतीश कुमार नाराज थे और उन्होंने सरकार में शामिल होने से इनकार कर दिया था। बाद में नीतीश कुमार ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया और जेडीयू से कई नेताओं को मंत्री बनाया था।

जेडीयू और बीजेपी के नेता एक-दूसरे के इफ्तार पार्टी में नहीं गए थे। इससे मतभेद की अटकलें और तेज हो गई थीं। हालांकि अब अमित शाह के इस बयान के बाद माना जा रहा है कि मतभेद की सभी अटकलें खत्म हो गई हैं। इससे पहले बिहार के डेप्युटी सीएम सुशील कुमार मोदी ने कहा था कि बीजेपी-जेडीयू गठबंधन के नेता नीतीश कुमार हैं।

# निवेश के नाम पर कारोबारी से 21.73 लाख की ठगी


**लखनऊ।** आगरा की बीन डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी पर निवेश के नाम पर इंदिरानगर के व्यवसायी ने 21.73 लाख रुपये ऐंठने का आरोप लगाया है। कंपनी ने उसको हर सप्ताह अच्छे मुनाफे का झांसा दिया था। तीन महीने तक मुनाफा देने के बाद भुगतान बंद कर दिया गया। संपर्क करने पर आरोपितों ने उसको धमकी दी। व्यापारी के डीजीपी दफ्तर में शिकायत के बाद गाजीपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इंदिरानगर मुलायम नगर सरोज विहार कॉलोनी निवासी कारोबारी सैयद नदीम अहमद के मुताबिक, आगरा के संजय पैलेस स्थित बीन डिस्ट्रिब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक राहुल शर्मा, हेमंत यादव, नेशनल प्रमोटर विकास शर्मा व वाइस प्रेसिडेंट सोनू जैन ने वर्ष 2018 में उनसे संपर्क किया। आरोपितों ने उनसे बीनवेक्स कंपनी में निवेश की बात कही और निवेश पर 2.5 प्रतिशत हर सप्ताह देने का झांसा दिया।

जालसाजों ने उनसे अक्टूबर 2018 से मई 2019 के बीच 21.73 लाख रुपये ऐंठ लिए। बदले में जॉइंट वेंचर एग्रीमेंट बनाकर दे दिया। नदीम का कहना है कि करीब तीन माह तक मुनाफे की रकम मिलती रही, लेकिन जब भुगतान बंद हुआ तो उन्होंने कंपनी में संपर्क किया। इस पर आरोपित टालमटोल करते रहे। शक होने पर पीड़ित ने एग्रीमेंट की पड़ताल की तो वह जाली निकला।

पीड़ित का कहना है कि उसने रुपये की मांग की तो आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी। इस पर नदीम ने डीजीपी मुख्यालय में शिकायत की। मंगलवार को गाजीपुर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर गाजीपुर का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# नन्ही 'सीता' को मिला नया जीवन, एम्स से डिस्चार्ज करते वक्त डॉक्टर्स-नर्स भावुक



**नई दिल्ली।** एम्स के ट्रॉमा सेंटर में बुधवार को अलग नजारा देखने को मिला। यहां हॉस्पिटल स्टाफ मधुमक्खियों की तरह सीधी लाइन लगाए किसी से मिलने का इंतजार कर रहा था। यह लाइन किसी वीआईपी को देखने के लिए नहीं बल्कि आज की 'सीता' कही जा रही 3 साल की छोटी बच्चे के लिए थी। इस बच्ची का नाम चिकी रखा गया है जो बुलंदशहर में 15 से 20 फीट के एक गड्ढे में मिली थी। बच्ची को बुधवार को डिस्चार्ज करके एक एनजीओ को सौंप दिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि कोई उसे जल्द अडॉप्ट कर लेगा।

इस बच्ची को उसके अपने मां-बाप ने 15 से 20 फीट गड्ढे में फेंक दिया था। यूपी के बुलंदशहर की इस तीन साल की सीता ने मौत को मात दे देकर नई जिंदगी पाई है, लेकिन उसकी संघर्ष की कहानी खत्म नहीं हुई है। वह अपने मां-बाप की राह ताक रही है, उसे इंतजार है कि कब उसकी मां उसे गोद में उठाए, उसे दुलार करे।

इस नन्ही सी जान के इलाज में जुटे डॉक्टर और नर्स भी भावुक हैं। उन्हें बच्ची पर तरस आ रहा है। वे सभी इस बच्ची से प्यार करने लगे हैं। उन्होंने ही उसका नाम चिकी रख दिया है। चिकी भी एम्स ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टर और नर्स से इतनी घुलमिल गई थी कि उन सभी के साथ खेलती रहती थी। चिकी को हलवा पसंद है। कोई न कोई नर्स उसके लिए हलवा बनाकर लाती रहती थी। चिकी के डिसचार्ज के वक्त स्टाफ ने उसे कई सारे खिलौने, बिस्किट्स, गुब्बारे आदि दिए।

एम्स के न्यूरोसर्जन डॉक्टर दीपक गुप्ता ने बताया कि 25 सितंबर को उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर लाया गया था। पुलिस उसे लेकर आई थी। उस समय बच्ची बेहोश थी, उसके सिर में फ्रैक्चर था, उसका हीमोग्लोबिन सिर्फ 6 था। ऐसा लग रहा था कि उसे जान बूझ कर फेंका गया हो। तीन साल की बच्ची का यह पहला मामला है, जिसे इस तरह से फेंक दिया गया हो। डॉक्टर दीपक ने कहा कि हमने यहां उसका इलाज किया, वह अब ठीक हो गई है। लगातार इंप्रूव हो रही है। दाहिने तरफ सिर में चोट भी अब ठीक है।

# दिल्ली-एनसीआर: बढ़ रहा हवा में जहर, हालत बेहद खराब



**नई दिल्ली।** राजधानी में ग्रेडेड रेस्पॉन्स ऐक्शन प्लान लागू होने के बावजूद हवा खराब होती जा रही है। बुधवार को पहली बार प्रदूषण का स्तर बेहद खराब तक पहुंच गया और ऐसी ही स्थिति गुरुवार को भी बनी रही। आज सुबह एयर क्वॉलिटी इंडेक्स ने 312 का कांटा छू लिया था।

बता दें कि एक्यूआई 0 से 50 के बीच होने पर अच्छा होता है, जबकि 51 से 100 के बीच होने पर संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच होने पर उसे ह्यगंभीर समझा जाता है। बुधवार को दिल्ली का औसत एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 304 पर था। पूरे देश में गाजियाबाद 339 इंडेक्स के साथ सबसे प्रदूषित रहा।

दिल्ली में प्रदूषण बेहद खराब के स्तर को छू चुका है। सफर के मुताबिक इसमें सुधार होने के आसार भी नहीं हैं। इस स्थिति के बावजूद (ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान) के कुछ नियम लागू नहीं हो पाएंगे। योजना को लागू हुए 48 घंटे हो चुके हैं, लेकिन हर तरफ नियम टूटते दिख रहे हैं। खासतौर पर एनसीआर के गुरुग्राम और नोएडा में डीजल जेनरेटर चल रहे हैं। दिल्ली में भी सड़कों के किनारे खुले में आग लगाने, जेनरेटर चलने, कंस्ट्रक्शन साइटों पर लापरवाही के मामले बड़ी संख्या में दिखाई दे रहे हैं।

पराली जलने का सिलसिला सितंबर से ही शुरू हो गया था। अभी तक पंजाब, हरियाणा और पाकिस्तान के बॉर्डर क्षेत्रों में काफी संख्या में पराली जल रही है। हवाओं का रुख दूसरी दिशा से होने की वजह से पराली ने अब तक दिल्ली एनसीआर के प्रदूषण को बहुत अधिक प्रभावित नहीं किया है। लेकिन अब हवाएं कब तक साथ देंगी। पराली जलने का सिलसिला पिछले 24 घंटों के दौरान वेस्टर्न यूपी में भी शुरू हो गया है। सफर के मुताबिक इस समय हवाओं की गति कम है और अब पराली का असर दिल्ली एनसीआर में बढ़ेगा।

# ड्रग्स के बड़े रैकेट का भंडाफोड़, 125 करोड़ की हेरोइन जब्त



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक बड़े ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इसमें तीन लोगों को पकड़ा गया है, जिनके पास से पुलिस ने 25 किलो से ज्यादा हेरोइन बरामद की है। इसकी कीमत 125 करोड़ रुपये से ज्यादा की बताई जा रही है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बारापुला फ्लाइओवर पर एक कार को रोका, जिसमें से 125 करोड़ रुपये कीमत की हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने कार में बैठे 3 आरोपियों को पकड़ा है, जो यूपी के बाराबंकी के रहने वाले हैं। ड्रग म्यांमार से भारत में आती थी और फिर बिहार के छपरा से एक तस्कर इन आरोपियों को हेरोइन मुहैया कराता था।

# वन विभाग से नहीं मिली हेल्प, गूगल की मदद से पकड़ा गया कोबरा

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित जानकीपुरम विस्तार की साईं विहार कॉलोनी में गन्ना विकास अधिकारी धनंजय सिंह के मकान में मंगलवार रात करीब आठ फुट लंबा कोबरा घुस गया। घर में उस वक्त उनकी पत्नी प्रीति और उनके दो बेटे थे। ᵖसूचना पर आई पुलिस भी सांप को देख हिम्मत हार गई और प्रीति को डीएफओ रवि सिंह का नंबर दे दिया। आखिर में उन्होंने गूगल पर प्राइवेट स्नेक हैंडलर का नंबर तलाशा। फिर बंथरा से आए हैंडलर गंगाराम ने बुधवार सुबह करीब 6:30 बजे वॉशिंग मशीन में घुसे कोबरा को पकड़ा, तब परिवार ने राहत की सांस ली। पुलिस के मुताबिक, धनंजय सिंह बस्ती में तैनात हैं। मंगलवार रात घर में उनकी पत्नी प्रीति और दो बेटे प्रणव (13) व कुशाग्र (10) थे। प्रीति ने बताया कि रात 12 बजे ड्रॉइंग रूम में कोबरा देखा। पड़ोसियों से मदद की गुहार लगाई, लेकिन कोई उसे निकालने की हिम्मत नहीं जुटा सका।

सांप की दहशत से बच्चे रोने लगे। इस बीच देखते कोबरा वॉशिंग मशीन में घुस गया।

# ट्रैवलिंग की शौकीन गर्लफ्रेंड या बॉयफ्रेंड को प्रपोज करने के लिए बेस्ट हैं ये टूरिस्ट डेस्टिनेशन

अपने रिश्ते को एक कदम आगे ले जाते हुए आप अपने साथी को जीवनसाथी बनाने के लिए प्रपोज करना चाहते हैं तो उसे प्रपोज करने के लिए कुछ नया करें। अब घुटनों पर बैठकर प्रपोज करना या कैंडल लाइट डिनर के साथ प्रपोज करने के आइडियाज पुराने हो चले हैं। आप नए हैं, प्यार में उमंग नई है तो इजहार का तरीका भी तो नया होना चाहिए! आइए, उन खूबसूरत डेस्टिनेशंस और स्टाइल्स के बारे में बात करते हैं, जहां साथी को प्रपोज करके आप अपने साथ-साथ उसके एक्साइटमेंट को भी कई गुना बढ़ा सकते हैं...

**मूड खुद ही रोमांटिक हो जाता है**

क्या आपने कभी सोचा है कि ज्यादातर भारतीय अपने हनीमून पर कश्मीर और लद्दाख क्यों जाना चाहते हैं? दरअसल, ये जगहें हैं ही इतनी खूबसूरत कि यहां पहुंचने पर पर्यटकों का मूड खुद-पर-खुद रोमांटिक हो जाता है। ऐसे में अगर आप अपने प्यार का इजहार करना चाहते हैं तो सोनमर्ग से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। यहां कैंपिंग के दौरान आप आप अपने प्यार का इजहार कर सकते हैं। सोनमर्ग की खूबसूरती, रात का वक्त और तारों की छांव...जरा सोचकर देखिए कितना रोमांटिक होगा सबकुछ।

**जंगल में मंगल करने के लिए बेस्ट**

अगर आपको और आपके साथी को अडवेंचर टूरिजम का शौक है तो क्यों न आप रणथंभौर में जंगल सफारी के दौरान अपने प्यार का इजहार करें। यह बहुत ही शानदार और यादगार अनुभव रहेगा। आप उसे नदी के किनारे बैठकर या किसी ट्री हाऊस में भी प्रपोज कर सकते हैं।



**लद्दाख की सुंदरता**

**समंदर के किनारे और ढलता सूरज**

लव बर्ड्स के लिए गोवा जैसा कुछ नहीं हो सकता, है ना? तो चलिए यहीं अपने दिल की बात कहने का प्लान बनाते हैं। इसके लिए आप गोवा के ढेर सार सुंदर बीचों में से किसी एक को चुन लीजिए और सनसेट के सुंदर नजारों के बीच अपने दिल की बात कह दीजिए... फिर आप दोनों उन खूबसूरत पलों को आप दोनो लाइफ-टाइम याद करेंगे।

**अंडमान में प्यार की बहार**

अंडमान-निकोबार देश ही नहीं, दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में शुमार है। यहां कलरफुल कोरल, सफेद रेत और चमकदार पानी के बीच स्कूबा डाइविंग को दौरान आप पूरी प्लानिंग के साथ उसे प्रपोज कर सकते हैं। एक बात तो है, अगर आप ऐसा करते हैं तो दुनिया का बेस्ट बॉयफ्रेंड होने का खिताब तो आपको आपकी पार्टनर और दोस्तों से मिल ही जाएगा।

# भारत और नेपाल के बौद्ध स्थलों का टूर कराएगी बौद्ध सर्किट ट्रेन




रेलवे की पहली बौद्ध सर्किट ट्रेन 19 अक्टूबर से शुरू होगी और यह 26 अक्टूबर तक भारत और नेपाल में फैले गौतम बुद्ध से जुड़े स्थलों का भ्रमण कराएगी। रेलवे की ओर से जारी एक बयान में कहा कि इस ट्रेन का संचालन आईआरसीटीसी करेगा। यह ट्रेन भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों जैसे बुद्ध के जन्मस्थान लुंबिनी, बोधगया (जहां उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ), सारनाथ (जहां उन्होंने अपना पहला उपदेश दिया) और कुशीनगर (जहां उन्होंने निर्वाण प्राप्त किया, का भ्रमण कराएगी। बयान में कहा गया है, 'इन स्थानों का महत्व महापरिनिर्वाण सूत्र में देखा जा सकता है, जिसमें भगवान बुद्ध अपने अनुयायियों को कहते हैं कि वे इन स्थानों की यात्रा कर एक उत्कृष्ट एवं श्रेष्ठ पुनर्जन्म पा सकते हैं।'

यात्रा का खर्च भारतीय मुद्रा के अनुसार एसी फर्स्ट क्लास में दो व्यक्तियों के लिए 1,23,900 रुपये और एसी सेकंड क्लास के लिए 1,01,430 रुपये आएगा। इसमें नेपाल यात्रा के लिए एसी डीलक्स कोच से सड़क परिवहन, स्थानों और स्मारकों का दर्शन, रहने की सुविधा, भोजन, टूर मैनेजर, गाइड, एंट्री फी और यात्रा बीमा की सेवा शामिल होगी। हालांकि यात्रियों को नेपाल की यात्रा के लिए वीजा शुल्क और लॉन्ड्री के साथ अन्य सेवाओं का शुल्क अदा करना होगा।

ट्रेन में एसी फर्स्ट क्लास के चार कोच की 96 सीटें, एसी सेकंड क्लास के दो कोच की 60 सीटें, 64 लोगों के बैठकर भोजन करने की क्षमता वाले दो विशेष डाइनिंग कार और एक पैंट्री कार शामिल है। ट्रेन पर अतुल्य भारत को बढ़ावा देते विशिष्ट चित्र उकेरे जाएंगे और यह निजी डिजिटल लॉकर, नहाने के लिए विशेष कमरा (क्यूबिकल शावर), पैरों की मसाज की सुविधा, अलग से बैठक क्षेत्र और सोफा से लैस होगी। रेलवे ने बताया कि हर कोच में निजी सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएंगे।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
संतान की चिंता रहेगी। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा। भागदौड़ रहेगी। शत्रु भय रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धनार्जन होगा।

**सिंह**
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी।

**धनु**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कुसगंति से बचें। राजकीय बाधा दूर होगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**वृष**
शुभ समाचार मिलेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। विवाद से बचें। सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**कन्या**
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**मकर**
भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति होगी। घर में तनाव संभव है। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

**मिथुन**
भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे।

**तुला**
पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**कुंभ**
स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु परास्त होंगे। लाभ होगा।

**कर्क**
फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी।

**वृश्चिक**
चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। मानसिक अशांति बढ़ेगी।

**मीन**
व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। अशुभ सूचना मिल सकती है। मानसिक अशांति बढ़ेगी। विवाद से क्लेश संभव है।

# बीवी के कहने पर फोन नहीं किया अनलॉक, पति की आई शामत!

स्मार्टफोन ने लोगों की जिंदगी को आसान कर दिया है, लेकिन पति-पत्नी के रिश्ते में यह विलेन भी बन जाता है। कई बार पति-पत्नी अपने स्मार्टफोन को लॉक करके रखते हैं ताकि पति या पत्नी उसमें ताक-झांक न कर सके। पत्नी को लगता है कि पति कुछ उससे छिपाना चाहता है या पति सोचता है कि पत्नी उससे कुछ छिपाना चाहती है। अक्सर यह पति-पत्नी के बीच झगड़े का कारण भी बन जाता है।

सोशल मीडिया में इन दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला एक पुरुष के फोन को अनलॉक करना चाहती है, लेकिन वह पुरुष नहीं चाहता है कि वह महिला उसका फोन देखे। तब उसकी शामत आ जाती है।

शुरू में वीडियो देखने पर लगता है कि वह महिला उस व्यक्ति के आंखों में या चेहरे पर कुछ डालना चाहती है। लेकिन अगले ही पल सच्चाई का पता चलता है। दरअसल वह महिला उस पुरुष के फोन को फेस आईडी की मदद से अनलॉक करना चाहती है। वह बार-बार फोन को उस पुरुष के चेहर के पास लाती है लेकिन वह पुरुष कभी अपने चेहरे को हटा लेता है तो कभी छिपा लेता है।

हालांकि महिला उस पुरुष को काबू कर लेती है और अंततः फेस आईडी की मदद से उसका फोन अनलॉक करके वहां से भाग जाती है।



23 सितंबर को ट्विटर पर डाले गए इस वीडियो को अब तक एक करोड़ 30 लाख से अधिक लोग देख चुके हैं। इस वीडियो को अब तक 34 हजार से अधिक लोगों ने लाइक किया है।

फेस आईडी क्या है?

जिस तरह से फोन को लॉक करने के लिए पासवर्ड या पैटर्न का इस्तेमाल करते हैं, ठीक वैसे ही व्यक्ति फोन को लॉक करने के लिए अपने चेहरे को एक पासवर्ड की तरह से इस्तेमाल करता है। जब फोन को अनलॉक करना होता है तो व्यक्ति को अपने चेहरे को फोन के सामने लाना होता है। फोन उस व्यक्ति के फेस को पहचान कर, ओपन हो जाता है।

# धोनी के भविष्य पर सिलेक्टरों से 24 अक्टूबर को करूंगा बात: गांगुली





**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के होने वाले अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने साफ कर दिया है कि वह राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य के बारे में बात करने के बाद ही अपनी कोई राय देंगे। 39 वर्षीय धोनी विश्व कप सेमीफाइनल में भारत की हार के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। वह अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में भी नहीं खेलेंगे। इस सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन 24 अक्टूबर को होगा।

धोनी ने हालांकि अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा नहीं की है और सिलेक्टर्स ने बार-बार साफ किया है कि वह अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप को जेहन में रखकर आगे बढ़ रहे हैं। बुधवार को ईडन गार्डंस में पत्रकारों से बात करते हुए गांगुली ने कहा, '24 अक्टूबर को चयनकर्ताओं से बात करने के बाद मैं कोई राय दूंगा। मैं यह जानना चाहता हूं कि चयनकर्ताओं इस बारे में क्या सोचते हैं।'

गांगुली ने यह भी कहा कि वह धोनी से बात करके उनकी राय भी जानना चाहेंगे। गांगुली ने कहा, 'हमें यह भी देखना होगा कि धोनी क्या सोचते हैं। मैं उनसे भी बात करके यह जानना चाहूंगा कि वह क्या चाहते हैं और क्या नहीं चाहते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि चूंकि वह इस पूरे प्रकरण से दूर थे इसलिए वह इस बारे में कुछ कह नहीं सकते। उन्होंने कहा, 'चूंकि मैं इस पूरे प्रकरण से दूर था, और शायद इसी वजह से मेरे सामने पूरी तस्वीर साफ नहीं है। अब मैं इस बारे में पूरी जानकारी हासिल करने के बाद ही आगे की राह के बारे में कोई फैसला ले पाऊंगा।'

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान ने साफ किया कि 23 अक्टूबर को पदभार संभालने के बाद वह सिलेक्टर्स और कप्तान से बात करेंगे। इससे पहले चयनकर्ताओं की बैठक 21 अक्टूबर को होनी थी लेकिन अब यह 24 अक्टूबर को हगी। इसमें देवधर ट्रॉफी के लिए भारत ए, बी और सी टीमों का भी चयन होगा।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5-1 से हराया, सुल्तान ऑफ जोहोर कप के फाइनल में



**जोहोर बाहरू (मलयेशिया)।** भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 5-1 से हराकर नौवें सुल्तान ऑफ जोहोर कप के फाइनल में जगह बनाई। भारत की ओर से शिलानंद लाकड़ा (26वें और 29वें मिनट) ने दो जबकि दिलप्रीत सिंह (44वें मिनट), गुरसाहिबजीत सिंह (48वें मिनट) और मनदीप मोर (50वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा। भारत को ऑस्ट्रेलिया की गलती से पहले ही मिनट में गोल करने का मौका मिला लेकिन रोबर्ट मैकलिनान ने तेजी दिखाते हुए गुरसाहिबजीत को सही कोण हासिल नहीं करने दिया और फिर गेंद को बाहर कर दिया। इसके बाद पूरे क्वॉर्टर में अधिकांश समय मिडफील्ड में खेल देखने को मिला। ऑस्ट्रेलिया को आठवें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टीम इसे गोल में नहीं बदल सकी। भारत ने दूसरे क्वॉर्टर में गोलकीपर प्रशांत चौहान को मैदान पर उतारा। ऑस्ट्रेलिया ने इस बीच अच्छा मूव बनाया और माइकल फ्रांसिस के शाट को सैम मैक्कुलो ने गोल की तरफ घुमाया लेकिन चौहान ने इस हमले को नाकाम कर दिया। भारत को दूसरे क्वॉर्टर में अपना पहला पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन गुरसाहिबजीत से गोल में तब्दील करने में नाकाम रहे। भारत ने इसके बाद लाकड़ा के गोल की बदौलत बढ़त बनाई। दिलप्रीत के शानदार पास से ऑस्ट्रेलिया डिफेंस छिटक गया जिसका फायदा उठाते हुए लाकड़ा ने गेंद को गोल में पहुंचा दिया। दूसरे क्वार्टर के अंत में चौहान ने ऑस्ट्रेलिया के एक और प्रयास को नाकाम किया। दिलप्रीत और लाकड़ा की जोड़ी ने इसके बाद एक बार फिर शानदार मूव बनाया और लाकड़ा ने एक और गोल दागते हुए भारत को मध्यांतर से पहले 2-0 की बढ़त दिला दी। भारत ने दो गोल की बढ़त के बाद अंतिम दो क्वार्टर में दबाव बनाए रखा और तीन और गोल दागे। ऑस्ट्रेलिया ने भी इस दौरान एक गोल किया। भारत अपने अंतिम राउंड रोबिन मैच में शुक्रवार को ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा।

# डेनमार्क ओपन: पहले दौर में हारीं साइना, समीर वर्मा जीते




**ओडिंसे।** भारत की अग्रणी महिला खिलाड़ी साइना नेहवाल को बुधवार को यहां जारी डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल वर्ग में भारत को जीत मिली जहां समीर वर्मा पहले दौर का मैच जीतने में सफल रहे हैं। मिक्स्ड डबल्स में प्रणव जैरी चोपड़ा और एन. सिक्की रेड्डी की जोड़ी ने भी भारत के खाते में जीत डाली।

साइना को पहले दौर में जापान की खिलाड़ी सायाका ताकाहाशी से हार मिली। लंदन ओलिंपिक-2012 की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट को जापान की खिलाड़ी ने 21-15, 23-21 से हराया। समीर का मैच भी जापानी खिलाड़ी से था। समीर जापान के केंता सुनेयामा को 21-11, 21-11 से मात देने में सफल रहे। यह मैच 29 मिनट तक चला।

प्रणव और सिक्की की जोड़ी ने जर्मनी के मारविन सेइडेल और लिंडा इफलेर को 21-16, 21-11 से हराया। मिक्स्ड डबल्स में ही अश्विनी पोनप्पा और सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी की जोड़ी को वॉकओवर मिला।

# टी20 विश्व कप से पहले भारत-पाकिस्तान का हो सकता है मुकाबला, आईसीसी ने बनाया प्लान!




**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच बेहद रोमांचक होता है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल मैदान के इन दो विरोधियों के बीच होने वाले मुकाबलों के रोमांच से वाकिफ है। मीडिया में चल रही खबरों के मुताबिक आईसीसी भारत और पाकिस्तान के बीच ऑस्ट्रेलिया में अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले एक मुकाबला कराने का प्लान बना रही है।

क्रिकेट के मैदान की दो धुर विरोधी टीमें भारत और पाकिस्तान जब भी मैदान पर होती हैं तो रोमांच अपने चरम पर होता है। इंग्लैंड और वेल्स में हुए आईसीसी विश्व कप में इन दोनों टीमों के बीच हुए मुकाबलों ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। अब आईसीसी की योजना है कि ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप से पहले दोनों टीमों के बीच एक वार्म अप मैच कराया जाए।

एक अंग्रेजी अखबार में छपी खबर के मुताबिक 2020 आईसीसी टी20 विश्व कप टूर्नामेंट से पहले भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला हो सकता है। टी20 विश्व कप का कार्यक्रम जारी हो चुका है। भारत और पाकिस्तान की टीमों को अलग अलग ग्रुप में रखा गया है। भारतीय टीम जहां ग्रुप बी में है तो पाकिस्तान को ग्रुप ए में जगह दी गई है।

आईसीसी टी20 विश्व का आयोजन ऑस्ट्रेलिया में 18 अक्टूबर से 15 नवंबर 2020 तक किया जाना है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 24 अक्टूबर 2020 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ करेगी। वहीं पाकिस्तान की टीम का पहला मुकाबला इसी दिन मेजबान ऑस्ट्रेलिया के साथ होगा।

महेंद्र सिंह धौनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप का पहला खिताब जीता था। भारत ने पाकिस्तान को फाइनल में हराकर विश्व चैंपियन बनीं थी। वहीं पाकिस्तान की टीम ने साल 2009 में श्रीलंका को हराकर यह ट्रॉफी जीती थी।

# डबल सेंचुरी जड़ने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने यशस्वी जायसवाल

**नई दिल्ली।** मुंबई के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाते हुए इतिहास रच दिया। जायसवाल ने बेंगलुरु में झारखंड के खिलाफ ग्रुप-ए के मैच में 203 रनों की रेकॉर्ड तोड़ पारी खेली। इसके साथ ही वह लिस्ट-ए क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं, जबकि विजय हजारे में ऐसा करने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में दोहरा शतक लगाने वाले जायसवाल दूसरे बल्लेबाज हैं।

यशस्वी से पहले लिस्ट-ए में सबसे कम उम्र में दोहरा शतक लगाने का वर्ल्ड रेकॉर्ड साउथ अफ्रीका के एलन बैरोव के नाम था। एलन ने 1975 में डरबन के मैदान पर 20 वर्ष 275 दिन की उम्र में नेटल की ओर से खेलते हुए दोहरा शतक जड़ा था। दूसरी टीम साउथ अफ्रीका-क थी। यशस्वी ने यह कारनामा महज 17 वर्ष 292 दिन में ही कर दिया।

अन्य की बात करें तो मिशेल वान बुरेन ने 21 वर्ष 20 दिन, ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड ने 21 वर्ष 280 दिन, इंग्लैंड के बेन डकेट ने 21 वर्ष 282 दिन, पाकिस्तान के मोहम्मद अली ने 22 वर्ष 103 दिन, इंग्लैंड के रवि बोपारा ने 23 वर्ष 31 दिन, पाकिस्तान के खालिद लतीफ ने 23 वर्ष 131 दिन, भारत के संजू सैमसन ने 24 वर्ष 335 दिन और ओस्ट्रेलिया के फिल ह्यूज ने 25 वर्ष 241 दिन की उम्र में दोहरा शतक लगाने का कारनामा किया था।

इस पारी के साथ 17 वर्षीय जायसवाल लिस्ट-ए क्रिकेट में दोहरा शतक जड़ने वाले नौवें भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अपने प्रॉडक्शन की फिल्मों में ऐक्टिंग नहीं करेंगी कंगना



**अगर** आपको याद हो तो साल 2017 में ऐक्ट्रेस कंगना रनौत ने अनाउंस किया था कि वह जल्द ही अपना प्रॉडक्शन हाउस खोलेंगी। स्टूडियो बनाने के लिए उन्होंने बांद्रा के पाली हिल इलाके में जमीन भी खरीद ली थी। लेकिन किन्हीं वजहों से प्रॉडक्शन हाउस खोलने का प्लान कुछ वक्त के लिए रुक गया। लेकिन अब अगले साल जनवरी तक कंगना का प्रॉडक्शन स्टूडियो बनकर तैयार हो जाएगा। इसका नाम उन्होंने 'मणिकर्णिका फिल्म्स' रखा है। हालांकि कंगना अपने प्रॉडक्शन की फिल्मों में खुद ऐक्टिंग नहीं करेंगी बल्कि अन्य टैलंटेड लोगों को मौका देंगी। कंगना ने बताया कि उनके पास फिल्ममेकर्स नई-नई स्क्रिप्ट लेकर आ रहे हैं, पर वे चाहते हैं कि वह उनमें ऐक्टिंग करें। लेकिन कंगना का मानना है कि नए टैलंट को एक ऐसे प्लैटफॉर्म की जरूरत है जहां वे अपनी ऐक्टिंग की प्रतिभा को दिखा सकें। साथ ही फिल्म के लिए जो कहानियां वह पढ़ रही हैं, वे कहीं खो न जाएं। बॉलिवुड में हावी नेपोटिज्म पर मुखर होकर बोलने वालीं कंगना अब फिल्म इंडस्ट्री को ऐसी जगह बनाना चाहती हैं जहां हर वर्ग के टैलंट को मौका मिले। इसीलिए कंगना ने कहा, 'मैं जो भी फिल्में प्रड्यूस करूंगी उनमें ऐक्टिंग नहीं करुंगी। हमारे आस-पास बहुत टैलंट है। मैं ऐसे ऐक्टरों को हायर करूंगी जो स्क्रिप्ट के हिसाब से एकदम परफेक्ट हों। मैं नए टैलंट को अपनी छत्रछाया में रखूंगी और गाइड करुंगी।'

# 'मुझे लगता है पुलकित और मैं एक साथ काफी अच्छे लगते हैं'



**कृति** खरबंदा और पुलकित सम्राट को भले ही कई बार एक साथ स्पॉट किया गया हो या फिर उनके अफेयर के चर्चे हो रहे हों। लेकिन फिलहाल दोनों ने इस विषय पर कभी खुलकर कोई बात नहीं कही। यह अलग बात है कि कृति की बातों से अक्सर ही यह बात सामने आती है कि वह पुलकित को पसंद करती हैं। अभी हाल ही में कृति ने ऐसी ही एक और बात कही। खबर मुताबिक एक इंटरव्यू के दौरान कृति ने कहा कि वह और पुलकित एक साथ काफी अच्छे लगते हैं। अगले सवाल पर कि क्या वह एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं? कृति ने कहा कि यह पता करना तो लोगों का काम है। उन्होंने आगे कहा कि वह न ही 'हां' कह रही हैं और न ही 'न।'

# बेटी सारा को सैफ अली की नसीहत



**वैसे** तो सैफ अली खान ने अब तक अपनी बेटी सारा को ऐक्टिंग से जुड़े काफी टिप्स दिए होंगे। हो सकता है करीना ने भी दिए हों। लेकिन एक चीज जो सैफ हमेशा ही अपनी बेटी को बताते हैं वह है स्टार बनने पर नहीं बल्कि ऐक्टिंग पर फोकस करना। सारा ने फिल्म 'केदारनाथ' से ऐक्टिंग में डेब्यू किया था। इसमें उनकी ऐक्टिंग को काफी सराहा गया। इसके लिए सारा को फिल्मफेयर का बेस्ट फीमेल डेब्यू अवॉर्ड भी मिला था। इसके बाद सारा ने 'सिंबा' में भी काम किया। सारा का फिल्मी करियर रफ्तार पकड़ रहा है और उनके खाते में कई अच्छी फिल्में हैं। चूंकि सारा अभी फिल्म इंडस्ट्री में नई हैं इसलिए सैफ उन्हें वक्त-वक्त पर सलाह देते रहते हैं। हाल ही में जब सैफ से पूछा गया कि वह सारा को क्या सलाह देते हैं, तो उन्होंने कहा, 'मैं उसे हमेशा कहता हूं कि ऐक्टिंग पर फोकस करो, स्टार बनने पर नहीं। यह भी कहता हूं कि वह जैसी है वैसी ही रहे। सैफ ने आगे कहा कि उन्हें मशहूर होना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। उनका मानना है कि इसकी वजह से चीजें आसानी से नहीं हो पातीं। वह आराम से कहीं घूम-फिर नहीं सकते और न ही अपना कोई काम कर सकते हैं। प्रफेशनल फ्रंट की बात करें, तो सैफ जल्द ही फिल्म 'लाल कप्तान' में नजर आएंगे। सैफ मानते हैं कि वह एक स्लो लर्नर हैं और अभी भी ऐक्टिंग व लाइफ के बारे में सीख रहे हैं।